पाठ 14. हमारा राष्ट्रीय झंडा

पाठ का परिचय

हम सभी अपने राष्ट्रीय झंडे का बहुत सम्मान करते हैं। हमारा राष्ट्रीय झंडा तिरंगा है। इसमें तीन रंग हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफ़ेद तथा सबसे नीचे हरा रंग है। केसरिया रंग भारतीय वीरों की वीरता का, सफ़ेद रंग शांति का तथा हरा रंग हरियाली और समृद्धि का प्रतीक है। हमारे तिरंगे के बीच में चक्र बना हुआ है। इस चक्र की 24 तीलियाँ हम सब को 24 घंटे क्रियाशील रहने की प्रेरणा देती हैं। हम सभी को सदा अपने राष्ट्रध्वज के सम्मान की रक्षा के लिए तत्पर रहना चाहिए।

पाठ में निहित जीवन-मूल्य

यह पाठ हमें देशभक्ति की शिक्षा देता है। हमें अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए। सदा अच्छे काम करके अपने देश का मान बढ़ाना चाहिए।

पाठ का वाचन

पहले आदर्श वाचन करें। उसके बाद सस्वर शुद्ध उच्चारणसहित वाचन करें।

- सोद्देश्य वाचन करें (प्रश्न पूछते हुए पाठ को पढ़ें)।
- अनुकरण वाचन करवाएँ।
- प्रत्येक बच्चे से एक-एक अनुच्छेद पढ़वाएँ।
- उच्चारण पर ध्यान दें।
- कठिन शब्दों का बातचीत में प्रयोग करें। (वाक्यों में) फिर श्यामपट्ट पर लिखें। बार-बार बुलवाएँ और पढ़वाएँ।

महत्वपूर्ण चर्चा

बच्चों से निम्न विषयों पर चर्चा करें –

- उन्हें राष्ट्रध्वज कैसा लगता है?
- राष्ट्रध्वज के सम्मान में वे क्या करते हैं?
- अपने देश के सम्मान में वे और क्या करना चाहेंगे?
- अपने तिरंगे के अलावा उन्हें और किस देश का ध्वज अच्छा लगता है और क्यों?
- देश का सम्मान बढ़ाने के लिए वे किन महान व्यक्तियों का अनुसरण करना चाहेंगे?